# शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी(छ.ग.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### सात दिवसीय विशेष शिविर प्रतिवेदन

ग्राम– भानपुरी, दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक

सत्र– 2024–25











''उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए''....



# प्रथम दिवस, दिनांक– 07.11.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर के प्रथम दिवस में सभी स्वयंसेवक ग्राम भानपुरी के शिविर स्थल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भानपुरी के प्रांगण में समय 12:00 बजे तक पहुंचे। शिविर स्थल में पहुंचने के पश्चात स्वयंसेवकों ने भोजन किया। तत्पश्चात सभी अपने–अपने कमरों की साफ–सफाई तथा उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए।

उद्घाटन कार्यक्रम शाम 4:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम भानपुरी के सरपंच श्रीमती जानकी साहू, अध्यक्षता प्राचार्य प्रतिनिधि, डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल, विशिष्ट अतिथि श्री हेमंतमाला, अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी एवं अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, डोमन साहू, जीवन लाल साहू आदि उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ हुआ। सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए उद्बोधन दिया गया। उद्घाटन समारोह के समाप्ति के पश्चात स्वयंसेवकों ने थोड़ा देर आराम किया। तत्पश्चात रात्रि कालीन भोजन करने के बाद समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

समीक्षा बैठक में कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल द्वारा शिविर नायक, शिविर नायिका, अनुशासन प्रभारी का चयन किया गया। तत्पश्चात पूरे शिविरार्थियों को पांच दलों– महानदी, शिवनाथ, इंद्रावती, हसदो, खारून में बांट दिया गया व दल नायक एवं दल नायिका का चयन किया गया। इसके पश्चात प्रथम दिवस के समस्त कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही द्वितीय दिवस हेतु सभी पांच दलों के लिए परियोजना कार्य का विभाजन किया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक रात्रि 11:00 बजे विश्राम के लिए चले गये।

# प्रथम दिवस, दिनांक– 07 / 11 / 2024

## न्यूज़पेपर कटिंग एवं फोटोग्राफ्स



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 09 Nov 2024 - Page 2

आमदी कालेज की रासेयो इकाई ने भानपुरी में लगाया सात दिवसीय शिविर

### समाज एवं देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें : हेमंतमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं संरक्षण तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया। यह शिविर 7 से 13 नवंबर तक डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आयोजित है।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी साहू सरपंच भानपुरी थी। अध्यक्षता डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि हेमंतमाला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, डोमन साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष भानपुरी, जीवनलाल साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला भानपुरी थे। स्वयंसेवक डुमेश्वरी एवं साथी ने रासेयो लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रतिनिधि डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

जीवन साहू ने कहा कि किसी काम को सीखने नहीं बल्कि उसे करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि समाज के लोग आपको देखकर प्रेरित हो। हेमंतमाला ने समाज एवं देश के लिए निरंतर सेवा करने तथा स्वयं के जीवन में सुधार कर लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि जानकी साहू ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, मन्नूलाल साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे, शिविर नायक छत्रपाल साहू, शिविर नायिका योगिता साहू व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। मंच संचालन भूतपूर्व स्वयंसेविका प्रियंका तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।



पत्रिका

कार्यक्रम : प्रभातफेरी निकालकर गांव के विभिन्न स्थानों पर की साफ-सफाई

### आमदी कॉलेज की रासेयो इकाई ने भानपुरी में लगाया सात दिवसीय शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. रासेयो कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**आमदी.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई ने ग्राम भानपुरी में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया। डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम विषय पर शिविर आयोजित है। 7 नवंबर को शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भानुपरी सरपंच जानकी साहू थी। अध्यक्षता डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंतमाला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, डोमन साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, जीवनलाल साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला भानपुरी, ग्राम पंचायत भानपुरी के पंचगण एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वयंसेवक डुमेश्वरी एवं साथी ने रासेयो लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत कर रासेयो इकाई को सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए बधाई दिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने सात दिवसीय विशेष शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत किया। जीवनलाल साहू ने कहा कि आप सभी को किसी काम को सीखने के ऊपर नहीं बल्कि करने के ऊपर ध्यान देने की आवश्यकता है। हेमंत माला ने सभी स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए समाज एवं देश के लिए निरंतर सेवा करने करने के बात कही। साथ ही स्वयं के जीवन में सुधार कर लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व स्वयंसेविका प्रियंका ने तथा आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अंकितकुमार बोधवानी, मन्नुलाल साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे, शिविर नायक छत्रपाल साहू, शिविर नायिका योगिता साहू व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।












# द्वितीय दिवस, दिनांक– 08.11.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर के द्वितीय दिवस में सभी स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे से 5:45 बजे तक नित्य कर्म करके प्रभात फेरी के लिए इकट्ठा हुए। स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी में बैंड बाजों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गीतों का गायन किया तथा ग्राम वासियों को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित किया। प्रभात फेरी के पश्चात व्यायाम एवं जुम्बा डांस का आयोजन हुआ। चाय और नाश्ता के पश्चात स्वयंसेवक परियोजना कार्य के लिए चले गये।

**परियोजना कार्य :–**

दल क्रमांक 1 महानदी को सुबह दोपहर एवं शाम के लिए मेष का प्रभार मिला। दल क्रमांक 2 शिवनाथ को मंच सजावट का कार्य दिया गया। दल क्रमांक 3 इंद्रावती ने शास. प्राथमिक शाला तथा पूर्व माध्यमिक शाला परिसर व उसके सामने विस्तृत रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। दल क्रमांक 4 हसदो ने सरस्वती शिशु मंदिर वह ग्राम पंचायत भानपुरी के सामने फैले कूड़ा करकट को सावधानीपूर्वक इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया। दल क्रमांक 5 खारून को संतरी ड्यूटी तथा पशु चिकित्सा शिविर में सहयोग के लिए जिम्मेदारी मिली।

**बौद्धिक परिचर्चा सत्र :–**

प्रथम दिवस के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ एन. आर. टंडन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी धमतरी तथा श्री दीपचंद भारती, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक भू– अभिलेख शाखा, धमतरी उपस्थित थे। डॉ एन. आर. टंडन ने स्वयंसेवकों से पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार की विशाल संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। श्री दीपचंद भारती ने स्वयंसेवकों को फसल चक्र परिवर्तन के लाभ के बारे में बताया। जिसमें उन्होंने बताया की फसल चक्र परिवर्तन से किस प्रकार सामाजिक आर्थिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। ग्राम परस तराई एवं रांवा के किसानों द्वारा किए गए सफलतम परिणाम का उल्लेख करते हुए धमतरी जिले में चलाए जा रहे जलजगार कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया। स्वयंसेवकों ने भी इस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर ग्राम भानपुरी के सरपंच जानकी साहू, पंचगण, गांव के गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक श्री तेजल यादव, श्री हेमेंद्र साहू उपस्थित थे।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने कुछ घंटे आराम किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने चाय बिस्कुट लेने के बाद ग्राम संपर्क के लिए चले गये। जहां स्वयंसेवकों ने सामाजिक–आर्थिक मुद्दों पर गांव के लोगों से चर्चा किया।

**विशेष कार्यक्रम : पशु चिकित्सा शिविर :–**

ग्राम भानपुरी में शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पशुधन विकास विभाग धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस पशु चिकित्सा शिविर में एन. आर. टंडन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी धमतरी एवं उनकी पूरी टीम– राजेश सिन्हा, बी.एस. साहू, अनमोल रत्न पाइक, मिथिलेश हिरवानी, एम. आर. नेताम आदि उपस्थित थे। इस विशाल पशु चिकित्सा शिविर में ग्राम भानपुरी के 75 किसान एवं उनके 313 पशु लाभान्वित हुए। जिसमें किसानों ने सामान्य पशु उपचार, क्रीमी नाशक दवापान, दवा छिड़काव, गर्भ परीक्षण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बांझपन पशु उपचार आदि का लाभ प्राप्त किया।

परियोजना कार्य के पश्चात स्वयंसेवकों ने स्नान किया तत्पश्चात भोजन के बाद 1.30 से 2.00 बजे तक विश्राम किया।

रात्रि कालीन भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया। तत्पश्चात समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी दलों ने बारी–बारी से द्वितीय दिवस में सुबह से लेकर शाम तक किए हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेष्वर अटल ने आज के कमियों पर भी चर्चा किया। तत्पश्चात सभी दलों के लिए तृतीय दिवस हेतु कार्यों का विभाजन किया गया।

# द्वितीय दिवस, दिनांक– 08.11.2024

# न्यूजपेपर कटिंग एवं फोटोग्राफ्स

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 10 Nov 2024 - Page 2

### राजस्व निरीक्षक ने किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लाभ के बारे में बताया

## चिकित्सा शिविर में 313 पशुओं का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)





ग्राम भानपुरी में शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी एवं पशुधन विकास विभाग धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भानपुरी में लगाया गया है। इस शिविर में एनआर टंडन सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्रधिकारी धमतरी, राजेश सिन्हा, बीएस साहू, अनमोल रत्न पाइक, मिथिलेश हिरवानी, एमआर नेताम ने सेवाएं दी। पशु चिकित्सा शिविर में ग्राम भानपुरी के 75 किसान एवं उनके 313 पशु लाभान्वित हुए। किसानों ने सामान्य पशु उपचार, कृमिनाशक दवापान, दवा छिड़काव, गर्भ परीक्षण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बांझपन पशु उपचार का लाभ प्राप्त किया।एनआर टंडन ने स्वयंसेवकों से पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र में भू-अभिलेख शाखा धमतरी के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने स्वयंसेवकों को फसल चक्र परिवर्तन के लाभ के बारे में बताया कि फसल चक्र परिवर्तन से किस प्रकार सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। ग्राम परसतराई एवं रांवा के किसानों द्वारा किए गए सफलतम परिणाम का उल्लेख करते हुए धमतरी जिले में चलाए जा रहे जलजगार कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने भी बौद्धिक परिचर्चा सत्र में विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर भानपुरी सरपंच जानकी साहू, अतिथि प्राध्यापक तेजल यादव, हेमेंद्र साहू समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 10 Nov 2024 - 10dmt4
epaper.navabharat.news

## पशु चिकित्सा शिविर में फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने किया जागरूक




**धमतरी।** ग्राम भानपुरी में शासकीय नवीन कॉलेज एवं पशुधन विकास विभाग धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि कॉलेज के रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भानपुरी में लगाया गया है। पशु चिकित्सा शिविर में एनआर टंडन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी धमतरी एवं उनकी पूरी टीम राजेश सिन्हा, बीएस साहू, अनमोल रत्न पाइक, मिथिलेश हिरवानी, एमआर नेताम आदि उपस्थित थे। पशु चिकित्सा शिविर में ग्राम भानपुरी के 75 किसान एवं उनके 313 पशु लाभान्वित हुए। जिसमें किसानों ने सामान्य पशु उपचार, क्रीमी नाशक दवापान, दवा छिड़काव, गर्भ परीक्षण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बांझपन पशु उपचार आदि का लाभ प्राप्त किया। इसके पश्चात एनआर टंडन ने स्वयंसेवकों से पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार की विशाल संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में उपस्थित भू-अभिलेख शाखाए धमतरी के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने स्वयंसेवकों को फसल चक्र परिवर्तन के लाभ के बारे में बताया। जिसमें उन्होंने बताया की फसल चक्र परिवर्तन से किस प्रकार सामाजिक आर्थिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। ग्राम परसतराई एवं रांवा के किसानों द्वारा किए गए सफलतम परिणाम का उल्लेख करते हुए धमतरी जिले में चलाए जा रहे जलजगार कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया। स्वयंसेवकों ने भी इस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर ग्राम भानपुरी के सरपंच जानकी साहू, पंचगण, गांव के गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक तेजल यादव, हेमेंद्र साहू एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।












<u>**द्वितीय दिवस, दिनांक– 08.11.2024**</u>

<u>**फोटोग्राफ्स**</u>















# तृतीय दिवस, दिनांक– 09.11.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर के तृतीय दिवस में सभी स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे से 5:45 बजे तक नित्य कर्म करके प्रभात फेरी के लिए इकट्ठा हुए। स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी में बैंड बाजों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गीतों का गायन किया तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न नारों के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया जिसके लिए शासकीय आयुर्वेद औषधालय आमदी से योगा टीचर श्रीमती परमेश्वरी साहू उपस्थित थी। उन्होंने योगाभ्यास के प्रथम दिवस में सूक्ष्म व्यायाम एवं सूक्ष्म आसान के बारे में बताया। चाय और नाश्ता के पश्चात स्वयंसेवक परियोजना कार्य के लिए चले गये।

**परियोजना कार्य :–**

दल क्रमांक 1 महानदी को शिविर स्थल एवं ग्राम पंचायत के सामने साफ सफाई की जिम्मेदारी मिली। दल क्रमांक 2 शिवनाथ को सुबह, दोपहर एवं शाम के लिए मेष का प्रभार मिला। दल क्रमांक 3 इंद्रावती को अटल चौक के पास मंच के सामने साफ सफाई की जिम्मेदारी मिली। दल क्रमांक 4 हसदो मंच को सजावट एवं संतरी ड्यूटी का कार्य दिया गया। दल क्रमांक 5 खारून ने गौठान स्थल में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया। सभी दलों ने उम्मीदों से बढ़कर अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

परियोजना कार्य के पश्चात स्वयंसेवकों ने स्नान किया तत्पश्चात भोजन के बाद 1.30 से 2.00 बजे तक विश्राम किया।

**बौद्धिक परिचर्चा सत्र :–**

तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में श्री कांति कुमार सिंह न्यायिक न्यायाधीश क्लास दो व सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी तथा प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद विभागाध्यक्ष, विधि विभाग पीजी कॉलेज धमतरी उपस्थित रहे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने अतिथियों का स्वागत किया। न्यायिक न्यायाधीश महोदय ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रारंभ में विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं भूमिका, अपराध के प्रकार, कानून निर्माण प्रक्रिया, न्यायालयीन प्रक्रिया, पाक्सो एक्ट, अधिकार एवं कर्तव्य, सखी सेंटर , जमानत के नियम इत्यादि विषयों पर स्वयं सेवकों से विस्तारपूर्वक चर्चा किया। इसके पश्चात प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद ने संविधान की प्रस्तावना, जीएसटी संबंधी कानून, न्यायालय द्वारा न्याय समानता, यौन उत्पीड़न कानून, महिलाओं के साथ कार्य स्थल पर होने वाले अपराध, सूचना के अधिकार, गिरफ्तार करने के नियम, गरीब व्यक्ति को प्राप्त होने वाली निशुल्क न्यायिक सुविधा, शिकायत के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आदि पर अपनी बात रखी । स्वयंसेवकों एवं गांव के नागरिकों ने भी पूरे उत्साह के साथ चर्चा सत्र में अपने जिज्ञासाओं को शांत किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी, श्री अंकित कुमार बोधवानी, श्री गोपाल देवांगन डॉ. उपमा, सरपंच श्रीमती जानकी साहू गांव के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने कुछ घंटे आराम किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने चाय बिस्कुट लिया।

**विशेष कार्यक्रम : जल–जगार नुक्कड़ नाटक :–**

यह विशेष कार्यक्रम 06:00 बजे आयोजित हुआ। जिसमें श्री आकाश गिरी गोस्वामी, जिला संगठक, यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला– धमतरी के थिएटर टीम ने जल–जगार थीम पर एक सुंदर, मनमोहक एवं प्रेरणादायी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। जिसमें उनकी टीम ने जल के हो रहे दुरुपयोग, भविष्य में जल संकट, एवं धमतरी जिला के जल जगार अभियान को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया। साथ ही उन्होंने पूरे ग्राम वासियों तथा स्वयंसेवकों से जल जागरुकता अभियान हेतु अपील किया।इस भाव विभोर कर देने वाले नुक्कड़ नाटक की पूरे ग्राम वासियों ने प्रशंसा की।

रात्रि कालीन भोजन के पश्चात  स्वयंसेवकों  ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया। तत्पश्चात समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी दलों ने बारी–बारी से तृतीय दिवस में सुबह से लेकर शाम तक किए हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने आज के कमियों पर भी चर्चा किया। तत्पश्चात सभी दलों के लिए चतुर्थ दिवस हेतु कार्यों का विभाजन किया गया।

# तृतीय दिवस, दिनांक– 09.11.2024

## न्यूजपेपर कटिंग एवं फोटोग्राफ्स



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Raipur Dhamtari Bhoomi - 11 Nov 2024 - Page 3

# विधिक सेवा प्राधिकरण से अवगत हुए छात्र व ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं केएल चरयाणी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी द्वारा रासेयो ग्राम भानपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के सचिव ने छात्र-छात्राओं एवं ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों को विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर प्रो. डीगेश्वर पटेल, अंकित बोधवानी, तरूण बनर्जी, विधि महाविद्यालय धमतरी के प्रो. दुर्गेश प्रसाद समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



पत्रिका

**शिविर :** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का हुआ आयोजन

# न्यायाधीश ने स्वयंसेवकों को कानून की दी जानकारी


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

आमदी. आमदी कॉलेज के रासेयो शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कांति कुमार सिंह न्यायाधीश क्लास दो व सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी तथा प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद विभागाध्यक्ष, विधि विभाग पीजी कॉलेज धमतरी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। पश्चात रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने अतिथियों का स्वागत किया। न्यायाधीश ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रारंभ में विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं भूमिका के बारे में बताया। पश्चात अपराध के प्रकार, कानून निर्माण प्रक्रिया, न्यायालयीन प्रक्रिया, पाक्सो एक्ट, अधिकार एवं कर्तव्य, सखी सेंटर, जमानत के नियम आदि विषयों पर स्वयंसेवकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पश्चात प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद ने संविधान की प्रस्तावना, जीएसटी संबंधी कानून, न्यायालय द्वारा न्याय समानता, यौन उत्पीड़न कानून, महिलाओं के साथ कार्य स्थल पर होने वाले अपराध, सूचना के अधिकार, गिरफ्तार करने के नियम, गरीब व्यक्ति को प्राप्त होने वाली निशुल्क न्यायिक सुविधा, शिकायत के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आदि पर अपनी बात रखी। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ चर्चा सत्र में अपने जिज्ञासाओं को शांत किया। स्वयंसेवकों ने ग्राम भानपुरी के चौक-चौराहों की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, गोपाल देवांगन, डॉ. उपमा, सरपंच जानकी साहू व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।












# तृतीय दिवस, दिनांक— 09.11.2024

## फोटोग्राफ्स















# चतुर्थ दिवस, दिनांक– 10.11.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस में सभी स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे से 5:45 बजे तक नित्य कर्म करके प्रभात फेरी के लिए इकट्ठा हुए। स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी में बैंड बाजों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गीतों का गायन किया तथा पर्यावरण संरक्षण बेटी–पढ़ाओ, बेटी–बचाओ संबंधी विभिन्न नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योगा टीचर श्रीमती परमेश्वरी साहू के साथ योगाभ्यास किया तथा योग के विभिन्न फायदों के बारे में जाना। चाय और नाश्ता के पश्चात स्वयंसेवक परियोजना कार्य के लिए चले गये।

**परियोजना कार्य :–**

दल क्रमांक 1 महानदी को मंच को सजावट एवं संतरी ड्यूटी का कार्य दिया गया। दल क्रमांक 2 शिवनाथ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उसके आसपास के जगहों में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया। दल क्रमांक 3 इंद्रावती को को सुबह, दोपहर एवं शाम के लिए मेष का प्रभार मिला। अटल चौक के पास मंच के सामने साफ सफाई की जिम्मेदारी मिली। दल क्रमांक 4 हसदो ने ग्राम पंचायत के पास के तालाब के चारों ओर साफ–सफाई किया। दल क्रमांक 5 खारून ने शीतला पारा चौक में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। सभी दलों ने आशानुकूल पूरी तत्परता से अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

परियोजना कार्य के पश्चात स्वयंसेवकों ने स्नान किया तत्पश्चात भोजन के बाद 1.30 से 2.00 बजे तक विश्राम किया।

**बौद्धिक परिचर्चा सत्र :–**

चतुर्थ दिवस के बौद्धिक परिचर्चा सत्र का विषय ''साइबर क्राइम एवं डिजिटल साक्षरता'' था, जिसके लिए श्री सन्नी दुबे, साइबर सेल प्रभारी अर्जुनी, जिला– धमतरी एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। श्री सन्नी दुबे जी ने विभिन्न साइबर क्राइम जैसे– हैकिंग, पहचान की चोरी, धोखाधड़ी, ऑनलाइन उत्पीड़न, कॉपीराइट सामग्री की अवैध डाउनलोडिंग, साइबर एक्सटॉर्शन, एक्स.एस.एस. : क्रॉस–साइट स्क्रिप्टिंग, डिनायल–ऑफ–सर्विस अटैक, फिशिंग स्कैम, स्पैमिंग, डिजिटल अरेस्ट आदि विषयों पर स्वयंसेवक एवं ग्रामवासियों से विस्तृत चर्चा किया तथा साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के लिए विभिन्न उपाय भी सुझाए। साथ ही स्वयंसेवकों को डिजिटल रूप से साक्षर रहने के लिए अपील किया तथा इस हेतु वृहद अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों ने भी अपने मन मस्तिष्क में उठ रहे साइबर क्राइम एवं डिजिटल साक्षरता से जुड़े विभिन्न शंकाओं को प्रश्नों के माध्यम से रखा तथा समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच श्रीमती जानकी साहू ने भी गांव के विभिन्न समस्याओं के बारे में थाना प्रभारी से चर्चा किया।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने कुछ घंटे आराम किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने चाय बिस्कुट लिया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने थोड़ा देर विश्राम किया।

रात्रि कालीन भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया। तत्पश्चात समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी दलों ने बारी–बारी से चतुर्थ दिवस में सुबह से लेकर शाम तक किए हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने आज के कमियों एवं सफलताओं पर भी चर्चा किया। तत्पश्चात सभी दलों के लिए पांचवें दिवस हेतु कार्यों का विभाजन किया गया।

# चतुर्थ दिवस, दिनांक– 10.11.2024

## फोटोग्राफ्स















# <u>चतुर्थ दिवस, दिनांक– 10.11.2024</u>

## <u>फोटोग्राफ्स</u>










# <u>पाँचवें दिवस, दिनांक– 11.11.2024</u>

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस में सभी स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे से 5:45 बजे तक नित्य कर्म करके प्रभात फेरी के लिए इकट्ठा हुए। स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी में बैंड बाजों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गीतों का गायन किया तथा पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, ग्रामीण, विकास संबंधी विभिन्न नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने जुंबा डांस एवं योगाभ्यास किया। चाय और नाश्ता के पश्चात स्वयंसेवक परियोजना कार्य के लिए चले गये।

**परियोजना कार्य :–**

दल क्रमांक 1 महानदी को ग्राम भानपुरी के आजाद चौक वह उसके आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की जिम्मेदारी मिली। दल क्रमांक 2 शिवनाथ को मंच के सजावट एवं संतरी ड्यूटी का कार्य दिया गया। दल क्रमांक 3 इंद्रावती को साहू भवन ( तेलीपारा ) वह उसके आसपास के क्षेत्र की साफ–सफाई की जिम्मेदारी मिली। दल क्रमांक 4 हसदो को सुबह, दोपहर एवं शाम के लिए मेष का प्रभार मिला। दल क्रमांक 5 खारून को स्वास्थ्य शिविर में सहयोग प्रदान करने की जिम्मेदारी मिली। सभी दलों ने पूरी ईमानदारी से अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

परियोजना कार्य के पश्चात स्वयंसेवकों ने स्नान किया तत्पश्चात भोजन के बाद 1.30 से 2.00 बजे तक विश्राम किया।

**बौद्धिक परिचर्चा सत्र** :– पांचवें दिवस के बौद्धिक परिचर्चा सत्र का विषय ''महिला सशक्तिकरण'' था, जिसके लिए श्रीमती कामिनी कौशिक, समाज सेविका एवं साहित्यकार जिला– धमतरी उपस्थित रही। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे भी उपस्थित थी। श्रीमती कामिनी कौशिक को अपने जीवन में अब तक क्वीन ऑफ़ द एरिया ऑफीसर, बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान, रमादेवी अंबेडकर सम्मान, सावित्री देवी फूले शिक्षा सम्मान, गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड आदि सम्मान प्राप्त किया है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने संघर्षपूर्ण जीवन की कहानी बताते हुए प्रेरित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हम छोटे–छोटे कार्यों से ही मेहनत करते हुए आगे बढ़ते हैं और बड़े महान कार्य कर पाते हैं। उन्होंने महिलाओं की आत्म सम्मान, महिलाओं के अधिकार, महिलाओं को अपने जीवन पर नियंत्रण का अधिकार, महिलाओं की शिक्षा रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न, मानसिक शोषण, महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं आदि विषयों पर स्वयंसेवकों तथा गांव के आए हुए नागरिकों से अर्थपूर्ण व ज्ञानवर्धक चर्चा किया। बीच–बीच में अपने विभिन्न साहित्यों की भी चर्चा उन्होंने किया। स्वयंसेवकों तथा गांव की महिलाओं ने भी विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से इस चर्चा में भाग लिया तथा अपने शंकाओं का समाधान किया।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने कुछ घंटे आराम किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने चाय बिस्कुट लिया। तत्पश्चात कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए।

**विशेष कार्यक्रम :–**

1. **स्वास्थ्य परीक्षण विशेष शिविर :–** इस सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस का ग्राम भानपुरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. साहू एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। इस स्वास्थ्य शिविर में गांव के लगभग 80 लोगों ने अपना स्वास्थ्य उपचार कराया। जिसमें सामान्य हेल्थ चेकअप, रक्तचाप जांच, रक्त जांच, मानसिक तनाव, विभिन्न बिमारियों का जांच किया गया। इसके पश्चात डॉ. के के साहू ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा किये तथा स्वास्थ्य संबंधी विशेष टिप्स देते हुए अपने दिनचर्या को व्यवस्थित करने व प्रतिदिन योगाभ्यास करने की अपील की।

## 2. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम :—

इस सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस की संध्या बेला में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जिला— धमतरी से श्री लोकेश दास एवं उनकी टीम प्रियांशी मिश्रा, किरण सोनवानी, भूपेंद्र कुमार, राहुल गुप्ता उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बारी—बारी से युवाओं के लिए रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। श्री लोकेश दास ने स्वयंसेवकों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में रोजगार की अपार संभावनाएं है। साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़कर नवयुवक अपना रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं के लिए सही दिशा में काम करने एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने को सबसे महत्वपूर्ण माना। स्वयंसेवकों तथा गांव से आए विद्यार्थियों अपने रोजगार से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

रात्रि कालीन भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया। तत्पश्चात समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी दलों ने बारी—बारी से पांचवें दिवस में सुबह से लेकर शाम तक किए हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने आज के कमियों एवं सफलताओं पर भी चर्चा किया। तत्पश्चात सभी दलों के लिए छटवें दिवस हेतु कार्यों का विभाजन किया गया।

# पाँचवें दिवस, दिनांक– 11.11.2024

## न्यूजपेपर कटिंग एवं फोटोग्राफ्स

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 19 Nov 2024 - Page 3

### शिविर में 80 लोगों ने कराया स्वास्थ्य उपचार



**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में ग्राम भानपुरी में रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केके साहू एवं उनकी टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में गांव के लगभग 80 लोगों ने अपना स्वास्थ्य उपचार कराया। डा केके साहू ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वास्थ्य संबंधी विशेष टिप्स देते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने व प्रतिदिन योगाभ्यास करने की अपील की। स्वास्थ्य शिविर में डिगेश्वर अटल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, जानकी साहू सरपंच भानपुरी, संतराम ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, डोमन साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, शिविर नायक छत्रपाल, शिविर नायिका योगिता साहू समस्त स्वयंसेवक उपस्थित थे।














# पांचवाँ दिवस, दिनांक– 11.11.2024

# फोटोग्राफ्स
















# छटवाँ दिवस, दिनांक– 12.11.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस में सभी स्वयंसेवक प्रातः 5:00 बजे से 5:45 बजे तक नित्य कर्म करके प्रभात फेरी के लिए इकट्ठा हुए। स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी में बैंड बाजों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गीतों का गायन किया तथा पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, ग्रामीण, विकास संबंधी विभिन्न नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योगा टीचर श्रीमती परमेश्वरी साहू के साथ योगाभ्यास किया योगा टीचर ने महिलाओं के लिए लाभकारी योगासन, स्वास्थ्य एवं खानपान विषय पर स्वयंसेवकों से चर्चा किया। चाय और नाश्ता के पश्चात स्वयंसेवक रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में जुट गये।

**बौद्धिक परिचर्चा सत्र :–**

आज के इस बौद्धिक परिचर्चा सत्र में रासेयो जिला संगठन श्री निरंजन साहू उपस्थित थे। जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने रासेयो के सिद्धांत ,वाफय ,थीम ,प्रेरणा स्रोत रासेयो चिन्ह , बैच,लक्ष्य उद्देश्य,सर्टिफिकेट व उसके लाभ, सात दिवसीय विशेष शिविर, जिला स्तरीय सिविल, राज्य स्तरीय शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व निर्माण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इसके साथ ही इस सात दिवसीय विशेष शिविर से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व में होने वाले सकारात्मक बदलाव के बारे में भी स्वयंसेवकों से भी विस्तारपूर्वक चर्चा किया। स्वयंसेवकों ने भी अपने प्रश्नों के माध्यम से इस परिचर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने कुछ घंटे आराम किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने चाय बिस्कुट लिया फिर रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में जुट गये।

**रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम :–**

ग्राम भानपुरी में आयोजित इस सात दिवसीय विशेष शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी साहू सरपंच ग्राम भानपुरी, अध्यक्षता श्री संतराम ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, श्रीमती खिलेश्वरी किरण भूतपूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन, श्री डोमन साहू, ग्राम पंचायत भानपुरी के पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत स्वयंसेविका डुमेश्वरी ने प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया तथा शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले छः दिनों में रासेयो इकाई द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम को सारगर्भित रूप में बतलाया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती खिलेश्वरी किरण जी ने स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप नवयुवक ही इस राष्ट्र के निर्माता है तथा आप सबके भागीदारी से ही यह राष्ट्र विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ सकता है। मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी साहू ने समस्त स्वयंसेवकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को ग्राम भानपुरी में शिविर लगाने के लिए धन्यवाद दिया तथा स्वयंसेवकों द्वारा किए हुए कार्यों की प्रशंसा की। इसके पश्चात स्वयंसेविका डुमेश्वरी द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरुआत हुआ। जिसमें स्वयंसेवक टाकेन्द्र, मोनीस, गजेंद्र, कीर्ति, दिव्या, योगिता, तुलसी रानी, डेमीन, रीना, रेशमा, खुशबू आदि ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न लोकगीतों से जुड़े नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दिया। साथ ही स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर भी शानदार प्रहसन प्रस्तुत किया। समस्त ग्रामवासियों ने स्वयंसेवकों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। समस्त अतिथियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा कैंप फायर कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री अंकित कुमार बोधवानी, श्री युगेश्वर प्रसाद, लैब टेक्नीशियन श्रीमती सविता गिलहरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक एवं भूतपूर्व स्वयंसेवक उपस्थित थे। मंच संचालन स्वयंसेविका आकांक्षा साहू ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

रात्रिकालीन भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी किया। तत्पश्चात समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

# छटवाँ दिवस, दिनांक– 12.11.2024

## फोटोग्राफ्स














# छटवाँ दिवस, दिनांक– 12.11.2024

# फोटोग्राफ्स
















# <u>छटवाँ दिवस, दिनांक– 12.11.2024</u>

## <u>फोटोग्राफ्स</u>












# सातवाँ दिवस, दिनांक– 13.11.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम– भानपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर के अंतिम दिवस में सभी स्वयंसेवक प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक नित्यकर्म तथा सुबह का चाय–नास्ता करने के पश्चात पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए। इस पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी, अध्यक्षता श्री संत ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष ग्राम भानपुरी, श्री डोमन साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष ग्राम भानपुरी, श्री नारायण साहू, वरिष्ठ नागरिक ग्राम भानपुरी, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भानपुरी के प्रधान पाठक एवं शिक्षक गण, महाविद्यालय शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ, गांव के गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत स्वयंसेविका डुमेश्वरी ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने अपना विचार रखते हुए समस्त महाविद्यालय परिवार को इस सात दिवसीय विशेष शिविर के सफलतापूर्वक संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी स्वयंसेवकों के लिए स्नेह प्रकट किया। स्वयंसेवकों ने भी इस अवसर पर अपने सात दिनों का अनुभव साझा किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सभी अतिथियों के हाथों बारी–बारी से अपना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर के के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए समस्त ग्रामवासियों एवं प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया। तत्पश्चात अपना–अपना सामान एकत्रित करके व शिविर स्थल की पूर्ण रूप से साफ–सफाई करने के बाद महाविद्यालय की ओर प्रस्थान किया।

# सातवाँ दिवस, दिनांक– 13.11.2024

## न्यूजपेपर कटिंग एवं फोटोग्राफ्स

**नवभारत** छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 18 Nov 2024 - 18dmt4
epaper.navabharat.news

### रासेयो शिविर के समापन पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ.देवी चौबे के निर्देशन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में ग्राम भानपुरी में आयोजित रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह एवं सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जानकी साहू सरपंच ग्राम भानपुरी, अध्यक्षता संतराम ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी किरण पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग, डोमन साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि इन सात दिनों में रासेयो इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गया जिसमें स्वयंसेव कों द्वारा गांव की साफ-सफाई, प्रभात फेरी योग शिविर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान, पशु चिकित्सा शिविर स्वास्थ्य शिविर, फसल चक्र परिवर्तन अभियान विधिक जागरूकता, साइबर अपराधों से सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण कैरियर गाइडेंस इत्यादि कार्यक्रम शामिल है। विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी किरण ने स्वय सेव कों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि युवा वर्ग ही इस राष्ट्र के निर्माता है। स्वयंसेवक टाकेन्द्र, मोनीस, गजेंद्र, कीर्ति, दिव्या, योगिता, तुलसीरानी, डेमीन, रीना रेशमा, खुशबू आदि ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न लोकगीतों से जुड़े नृत्य पर प्रस्तुति दिया। साथ ही स्वच्छता एव महिला सशक्ति करण विषय पर भी प्रहसन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, लैब टेक्नीशियन सविता गिलहरे आदि उपस्थित थे। मंच संचालन आकांक्षा साहू ने किया।

**पत्रिका**

**कार्यक्रम :** स्वयंसेवकों ने लोकगीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी

### सात दिवसीय रासेयो शिविर का हुआ समापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**आमदी.** आमदी शासकीय नवीन महाविद्यालय आम्दी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं संरक्षण तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में ग्राम भानपुरी में आयोजित रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जानकी साहू सरपंच ग्राम भानपुरी थीं। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष संतराम ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खिलेश्वरी किरण, डोमन साहू, ग्राम पंचायत भानपुरी के पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। पश्चात स्वयंसेविका डुमेश्वरी ने सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सात दिनों में स्वयंसेवकों द्वारा गांव की साफ-सफाई, प्रभातफेरी, योग शिविर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान, पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फसल चक्र परिवर्तन अभियान, विधिक जागरूकता, साइबर अपराधों से सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, कैरियर गाइडेंस आदि कार्यक्रम हुए। विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी किरण ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नवयुवक ही इस राष्ट्र के निर्माता हैं। युवाओं की भागीदारी से ही राष्ट्र विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही गांव के युवाओं को गांव के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहने के लिए भी आवाह्न किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका आकांक्षा साहू ने तथा आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर पटेल ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, लैब टेक्नीशियन सविता गिलहरे, स्वयंसेवक, भूतपूर्व स्वयंसेवक समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे

#### नृत्य की दी प्रस्तुति

मुख्य अतिथि जानकी साहू ने स्वयंसेवकों एवं रासेयो ईकाइ को ग्राम भानपुरी में शिविर लगाने के लिए धन्यवाद दिया। पश्चात स्वयंसेविका डुमेश्वरी ने भजन प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। स्वयंसेवक टाकेन्द्र, मोनीस, गर्जेंद्र, कीर्ति, दिव्या, योगिता, तुलसी रानी, डेमीन, रीना, रेशमा, खुशबू आदि ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर प्रहसन प्रस्तुत किया।







